रौल नं०......................नाम.......................................................................

XI-22 **वार्षिक परीक्षा सन् 2024 ई०** A

# अर्थशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

**समय – 3 घण्टा 15 मिनट** **कक्षा – 11** **पूर्णांक – 100**

**निर्देश:**– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**नोट :**– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या–11 से 18 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या–19 से 24 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में और प्रश्न संख्या–25 से 27 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश**–निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

**1.** भारतीय विचारक कौटिल्य की पुस्तक का नाम है :– 1

(अ) अर्थशास्त्र (ब) भारत का अर्थशास्त्र

(स) प्राचीन भारत का अर्थशास्त्र (द) आर्थिक विचारधारा।

**2.** वर्गीकृत समंक प्रकट करने की विधि है :– 1

(अ) चित्र (ब) रेखाचित्र

(स) सारणी (द) ये सभी।

**3.** चरम मदों की उपस्थिति में कौन–सा औसत सर्वाधिक प्रभावित होता है:– 1

(अ) माध्यिका (ब) बहुलक

(स) समान्तर माध्य (द) ज्यामितीय माध्य।

**4.** भारत में पहली सरकारी जनगणना किस वर्ष हुई :– 1

(अ) 1851 (ब) 1853 (स) 1871 (द) 1881

**5.** भारत में राष्ट्रीय कृषि नीति की घोषणा की गई :– 1

(अ) 1999 में (ब) 2000 में (स) 2001 में (द) 2002 में।

**6.** वर्तमान में विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देशों की संख्या है :– 1

(अ) 140 (ब) 164

(स) 194 (द) 102

**7.** निम्न में से क्या एक मानव पूँजी निर्माण का स्रोत नहीं है :– 1

(अ) शिक्षा पर व्यय (ब) स्वास्थ्य पर व्यय

(स) सूचना पर व्यय (द) निरक्षरता।

**8.** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना कब हुई थी :–1

(अ) 1980 (ब) 1982

(स) 1986 (द) 1988

(पृष्ठ पलटिए)

9. 'ऑपरेशन फ्लड' का सम्बन्ध है :- 1

(अ) दुग्ध उत्पादन (ब) गेहूँ उत्पादन

(स) फल उत्पादन (द) मत्स्य उत्पादन।

10. भारत का अधिकतम श्रमबल किस क्षेत्रक में संलग्न है :- 1

(अ) प्राथमिक क्षेत्रक (ब) द्वितीयक क्षेत्रक

(स) सेवा क्षेत्रक (द) इनमें से कोई नहीं।

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11. द्वितीयक आंकड़ों के दो महत्वपूर्ण स्रोत बताइए। 3

12. सूचकांक कितने प्रकार के होते हैं? 3

13. भारत में कब और किस क्षेत्र में रैयतवाड़ी प्रथा लागू की गई? 3

14. योजना की परिभाषा दीजिए। 3

15. विश्व व्यापार संगठन का सदस्य होना क्यों आवश्यक है? 3

16. मानव पूँजी निर्माण से क्या आशय है? 3

17. अति लघु साख कार्यक्रम क्या है? 3

18. पर्यावरण से आप क्या समझते हैं? 3

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

19. एक आदर्श माध्य के गुण बताइए। 6

20. किसी परियोजना के निर्माण के लिए अपनाए जाने वाले विभिन्न चरण बताइए। 6

21. स्वतंत्रता के समय भारत में आधारिक संरचना की क्या स्थिति थी? 6

22. आर्थिक विकास एवं आर्थिक वृद्धि में अन्तर बताइए। 6

23. भारत में निजीकरण के विस्तार के लिए सरकान ने क्या किया है? 6

24. सामान्यतः आर्थिक क्रियाओं को किन वर्गों में विभाजित किया जाता है? 6

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

25. अर्थशास्त्र का अध्ययन हम क्यों करते हैं? आधुनिक समय में अर्थशास्त्र के महत्व की विवेचना कीजिए। 10

**अथवा**

बहुलक (भूयिष्ठक) को परिभाषित कीजिए। इसके गुण व दोष बताइए।

26. समाजवाद क्या है? समाजवाद की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 10

**अथवा**

उदारीकरण से क्क्या आशय है? आर्थिक सुधारों के अन्तर्गत सरकार ने अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के लिए कौन-से उपाय अपनाए।

27. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में ग्रामीण विकास के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 10

**अथवा**

आर्थिक व सामाजिक प्रगति की दृष्टि से चीन व भारत की तुलना कीजिए।